मुख्यमंत्री ने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मना रहे हैं। कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा के लोगों की गीता के प्रति आस्था और उत्साह का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। हरियाणा की धरती पर ही 5159 वर्ष पहले गीता के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने कर्मयोग का संदेश दिया। यह ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने भले ही भारतभूमि पर दिया है, लेकिन यह पूरे संसार के लिए है। ब्यूरो/संवाद



कनाडा के ब्रैंपटन शहर में भव्य पार्क का नाम गीता पार्क रखा गया है। संवाद

# DAINIK TRIBUNE (CHANDIGARH)

# 19-09-2022

मिसिसॉगा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

## कनाडा के ब्रैम्पटन में बना गीता पार्क, लगेगी कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति



### गीता अलौकिक प्रकाश पुंज : मनोहर लाल

# HARI BHOOMI ( ROHTAK) 19-09-2022

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के मिसिसॉगा में सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन की घोषणा**

**मिसिसॉगा मे संतों ने गीता पर विचार रखे**

## ब्रैम्पटन में गीता पार्क में कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति स्थापित की जाएगी






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में गीता पर सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लिविंग आर्ट सेंटर हैमर्सन हॉल मिसिसॉगा शहर द्वारा कला और संस्कृति के लिए समर्पित प्रतिष्ठित सभागार है। इस अवसर पर ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने स्वामी ज्ञानानंद के साथ मिलकर ब्रैम्पटन में नए स्वीकृत गीता पार्क में कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति स्थापित करने की घोषणा की।

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वीडियो संदेश भी सुनाया गया

इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, योग गुरु बाबा रामदेव और स्वामी गुरुशरणंद का वीडियो संदेश भी चलाया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का बेजोड़ उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है।

### भगवत गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए

इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्तमान समय में भगवत गीता की प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हर व्यक्ति को गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हर काल के लिए प्रासंगिक है और यह हजारों साल से मानव को प्रेरणा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हमें गीता का संदेश दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन के जरिये गीता के सार को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने हर व्यक्ति को अपना कर्म करने के बारे में बताया था।

# PUNJAB KESARI ( AMBALA) 19-09-2022

# ब्रैम्पटन के गीता पार्क में लगेगी कृष्ण–अर्जुन रथ की प्रतिकृति

## श्रीकृष्ण का संदेश पूरी दुनिया के लिए है : खट्टर

**कनाडा** में चल रहे 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव तहत रविवार को तीसरे दिन मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सैंटर में गीता पर सैमीनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। अहम बात यह है कि आज का यह आयोजन जिस जगह पर हुआ असल में वह लिविंग आर्ट सैंटर हैमर्सन हॉल मिसिसॉगा शहर द्वारा कला और संस्कृति के लिए समर्पित प्रतिष्ठित सभागार है।

इस अवसर पर ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने स्वामी ज्ञानानंद जी के साथ मिलकर ब्रैम्पटन में नए स्वीकृत गीता पार्क में कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति स्थापित करने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित योग गुरु बाबा रामदेव और स्वामी गुरुशरणंद के वीडियो संदेश का भी प्रसारण किया गया।



*ब्रैम्पटन के गीता पार्क में खड़े स्वामी ज्ञानानंद जी व अन्य।*

## आयोजन के जरिए गीता के सार को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश : गुप्ता

**कैबिनेट** मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन के जरिए गीता के सार को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश की जा रही है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने हर व्यक्ति को अपना कर्म करने बारे बताया था। श्रीमद् भगवद गीता दुनिया के सभी नकारात्मक विचारों को सकारात्मक करने का एक पवित्र ग्रंथ है। इस ग्रंथ को अपनाने के बाद मनुष्य अपने अंदर आत्मविश्वास, श्रद्धा और भाईचारे की ओर बढ़ता है।

इस दौरान जगतगुरु रामानुजाचार्य, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी, रामधारी सिंह, आर्य समाज गुरु संपूर्णानंद, कनाडा के मंत्री और सांसदों ने गीता की भूमिका पर अपने विचार रखें। सभी ने वैश्विक शांति, सौहार्द भाईचारा एवं एकता को बढ़ाने पर बल दिया। लंदन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में अपना अनुभव सांझा किया गया। शाम के समय सभी प्रतिनिधि टॉवर पार्क गए जिसे हाल ही में ब्रैम्पटन की सिटी कांउसिल ने नाम बदलकर गीता पार्क कर दिया गया है।

## प्रदर्शनी में विचारों को किया प्रदर्शित

**कार्यक्रम** में गीता पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 48 कोस कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र की पहचान और दुनिया भर के विद्वानों द्वारा गीता पर रखे गए विचार प्रदर्शित किए गए। जीयो गीता और इस्कॉन द्वारा पुस्तक और स्मारिका स्थलों को संचालित किया गया।

कार्यक्रम में ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राऊन, मिसिसॉगा की मेयर बोनी क्रॉम्बे, एम.पी.पी. मिसिसॉगा दीपक आनंद, एम.पी.पी. ब्रैम्पटन ग्राहम मैक ग्रेगोर, एम.पी.पी नीना तांगरी, ओंटारियो के महिला सामाजिक और आर्थिक अवसर के सहयोगी मंत्री मंत्री चार्माइन विलियम्स, स्कारबोरो के सांसद शॉन चेन, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल, टोरंटो में भारत की महावाणिज्य दूत अपूर्वा श्रीवास्तव, के.डी.बी के सचिव मदन मोहन छाबड़ा, के.बी.डी के सी.ई.ओ. चंद्रकांत कटारिया सहित कई गण्यमान्य शामिल हुए।

## गीता एक अलौकिक प्रकाश पुंज : मनोहर लाल

**कनाडा** में रविवार को हुए गीता महोत्सव कार्यक्रम दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के दिखाए गए वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का बेजोड़ उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणा वासियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा के लोगों की गीता प्रति आस्था और उत्साह का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। गीता एक ऐसा अलौकिक प्रकाश पुंज है जो काल, देश और सीमाओं से परे है।

मुख्यमंत्री खट्टर ने कहा कि हरियाणा की धरती पर ही 5159 वर्ष पहले गीता के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने कर्मयोग का संदेश दिया। यह ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने भले ही भारत भूमि पर दिया है लेकिन यह पूरे संसार के लिए है।

इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्तमान समय में भागवत गीता की प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हर व्यक्ति को गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हर काल के लिए प्रासंगिक है और यह हजारों साल से मानव को प्रेरणा देता रहा है। हमें गीता का संदेश दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

–संजय अरोड़ा

# PUNJAB KESARI ( DELHI) 19-09-2022

# कनाडा में गीता महोत्सव की धूम, मिसिसॉगा में सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम

- मिसिसॉगा शहर के लिविंग आर्ट सेंटर में संतों और समाजसेवियों ने भगवत गीता पर रखे अपने विचार




कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज संबोधित करते हुए। इस अवसर पर हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य।





**चंडीगढ़**, राजेश जैन (पंजाब केसरी) : तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में गीता पर सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लिविंग आर्ट सेंटर हैमर्सन हॉल मिसिसॉगा शहर द्वारा कला और संस्कृति के लिए समर्पित प्रतिष्ठित सभागार है। इस अवसर पर ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने स्वामी ज्ञानानंद जी के साथ मिलकर ब्रैम्पटन में नए स्वीकृत गीता पार्क में कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति स्थापित करने की घोषणा की। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्तमान समय में भगवत गीता की प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हर व्यक्ति को गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हर काल के लिए प्रासंगिक है और यह हजारों साल से मानव को प्रेरणा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हमें गीता का संदेश दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री कमल गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन के जरिये गीता के सार को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने हर व्यक्ति को अपना कर्म करने के बारे में बताया था। हर क्षेत्र के व्यक्ति को अपने क्षेत्र में सेवा भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवदगीता दुनिया के सभी नकारात्मक विचारों को सकारात्मक करने का एक पवित्र ग्रंथ है। इस ग्रंथ को अपनाने के बाद मनुष्य अपने अंदर आत्मविश्वास, श्रद्धा और भाईचारे की ओर बढ़ता है। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगद्गुरु रामानुजाचार्य जी, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी, रामधारी सिंह गुरु जी, आर्य समाज गुरु संपूर्णानंद जी, कनाडा के मंत्री और सांसदों ने गीता की भूमिका पर अपने विचार रखे। सभी ने वैश्विक शांति, सौहार्द भाईचारा एवं एकता को बढ़ाने पर बल दिया। लंदन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में अपना अनुभव साझा किया गया। शाम के समय सभी प्रतिनिधि ट्रॉयर पार्क गए, जिसे हाल ही में ब्रैम्पटन की सिटी काउंसिल ने नाम बदलकर गीता पार्क कर दिया गया है। कार्यक्रम में गीता पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 48 कोस कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र की पहचान और दुनिया भर के विद्वानों द्वारा गीता पर रखे गए विचार प्रदर्शित किए गए। जीयो गीता और इस्कॉन द्वारा पुस्तक और स्मारिका स्टालों को संचालित किया गया। कार्यक्रम में ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन, मिसिसॉगा की मेयर सुश्री बोनी क्रॉम्बे, एमपीपी मिसिसॉगा दीपक आनंद, एमपीपी ब्रैम्पटन श्री ग्राहम मैक ग्रेगोर, एमपीपी नीना तांगरी, ओंटारियो के महिला सामाजिक और आर्थिक अवसर के सहयोगी मंत्री मंत्री श्री चार्माइन विलम्स, स्कारबोरो के सांसद श्री शॉन चेन, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन श्री सुभाष बराला और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, टोरंटो में भारत की महावाणिज्य दूत अपूर्वा श्रीवास्तव, सहित कई गणमान्य भी शामिल हुए।

## कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात

इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, योग गुरु बाबा रामदेव और स्वामी गुरुशरणंद का वीडियो संदेश भी चलाया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का बेजोड़ उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा के लोगों की गीता के प्रति आस्था और उत्साह का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। गीता एक ऐसा अलौकिक प्रकाश पुंज है, जो काल, देश और सीमाओं से परे है। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की धरती पर ही 5159 वर्ष पहले गीता के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने कर्मयोग का संदेश दिया। यह ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने भले ही भारतभूमि पर दिया है, लेकिन यह पूरे संसार के लिए है।

# DAINIK SAVERA (AMBALA) 19-09-2022

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के मिसिसॉगा में सेमीनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## ● मिसिसॉगा शहर के लिविंग आर्ट सेंटर में संतों और समाजसेवियों ने भगवत गीता पर रखे अपने विचार

**● ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन की घोषणा, नए स्वीकृत गीता पार्क में लगेगी कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति**

*सवेरा ब्यूरो*

चंडीगढ़, 18 सितंबर: तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में गीता पर सेमीनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लिविंग आर्ट सेंटर हैमर्सन हॉल मिसिसॉगा शहर द्वारा कला और संस्कृति के लिए समर्पित प्रतिष्ठित सभागार है। इस अवसर पर ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने स्वामी ज्ञानानंद के साथ मिलकर ब्रैम्पटन में नए स्वीकृत गीता पार्क में कृष्ण-अर्जुन के रथ की प्रतिकृति स्थापित करने की घोषणा की।

कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, योग गुरु बाबा रामदेव और स्वामी गुरु शरणंद का वीडियो संदेश भी चलाया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का बेजोड़ उदाहरण है। कनाडा की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा के लोगों की गीता के प्रति आस्था और उत्साह का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। गीता एक ऐसा अलौकिक प्रकाश पुंज है, जो काल, देश और सीमाओं से परे है। हरियाणा की धरती पर ही 5159 वर्ष पहले गीता के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने कर्मयोग का संदेश दिया। यह ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने भले ही भारतभूमि पर दिया है, लेकिन यह पूरे संसार के लिए है।





कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए। (दाएं) कनाडा के मिसिसॉगा में लिविंग आर्ट सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित सेमीनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम में पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता को नमन करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज। साथ में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, मिसिसॉगा की मेयर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य।

***वर्तमान समय में भगवत गीता की प्रासंगिकता ज्यादा बढ़ी***

स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्तमान समय में भगवत गीता की प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हर व्यक्ति को गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। गीता का संदेश हर काल के लिए प्रासंगिक है और यह हजारों साल से मानव को प्रेरणा देता रहा है। हमें गीता का संदेश दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन के जरिए गीता के सार को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश की जा रही है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने हर व्यक्ति को अपना कर्म करने के बारे में बताया था। हर क्षेत्र के व्यक्ति को अपने क्षेत्र में सेवा भाव रखना चाहिए। भगवद्गीता दुनिया के सभी नकारात्मक विचारों को सकारात्मक करने का एक पवित्र ग्रंथ है। इस ग्रंथ को अपनाने के बाद मनुष्य अपने अंदर आत्मविश्वास, श्रद्धा और भाईचारे की ओर बढ़ता है।

***कार्यक्रम में कनाडा के मंत्री और सांसदों ने रखे विचार***

जगगुरु रामानुजाचार्य जी, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी, रामधारी सिंह गुरु जी, आर्य समाज गुरु संपूर्णानंद जी, कनाडा के मंत्री और सांसदों ने गीता की भूमिका पर अपने विचार रखे। सभी ने वैश्विक शांति, सौहार्द भाईचारा एवं एकता को बढ़ाने पर बल दिया। लंदन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में अपना अनुभव साझा किया। शाम के समय सभी प्रतिनिधि ट्रॉयर पार्क गए। जिसे हाल ही में ब्रैम्पटन की सिटी काउंसिल ने नाम बदलकर गीता पार्क कर दिया गया है। इस मौके पर गीता पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 48 कोस कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र की पहचान और दुनियाभर के विद्वानों द्वारा गीता पर रखे गए विचार प्रदर्शित किए गए। जीयो गीता और इस्कॉन द्वारा पुस्तक और स्मारिका स्टालों को संचालित किया गया।

कार्यक्रम में ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन, मिसिसॉगा की मेयर बोनी क्रॉम्बी, एमपीपी मिसिसॉगा दीपक आनंद, एमपीपी ब्रैम्पटन ग्राहम मैक ग्रेगोर, एमपीपी नीना तांगरी, ओंटारियो के महिला सामाजिक और आर्थिक अवसर के सहयोगी मंत्री चार्माइन विलियम्स, स्कारबोरो के सांसद शॉन चेन, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, टोरंटो में भारत की महावाणिज्य दूत अपूर्वा श्रीवास्तव, केडीबी के सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केबीडी के सीईओ चंद्रकांत कटारिया, केडीबी सदस्य उपेंद्र सिंघल, शिक्षाविद मार्कंडेय आहूजा सहित कई गणमान्य भी शामिल हुए।



कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम में पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता को नमन करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज। साथ में हैं हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य।



कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य।

# TIMES OF INDIA ( CHANDIGARH) 19-09-2022

## Arjun chariot replica at Canada Gita Park

**Chandigarh:** As part of the three-day International Gita Mahotsav, a seminar and cultural programme on Gita was organized at the Living Art Centre, Mississauga, Canada.

The Living Arts Centre, Hammerson Hall, is a prestigious auditorium dedicated to the activities of arts and culture. On this occasion, Brampton mayor Patrick Brown, along with Gita Manishi Swami Gyananand Maharaj, announced the installation of a replica of Krishna-Arjuna's chariot at the newly approved Gita Park in Brampton.

A video message of Haryana chief minister Manohar Lal Khattar along with Yoga guru Ramdev and Shri Guru Sharanand was played during the programme. In the message, the CM said, "With the inspiration of Prime Minister Narendra Modi, since 2016, we are celebrating Gita Mahotsav at the international level."



Haryana minister Kamal Gupta, Brampton mayor Patrick Brown attend the event at Gita Park

He said organising the International Gita Mahotsav in Canada is a matter of pride for the people of Haryana. Brampton mayor Brown, Mississauga mayor Bonnie Crombie, MPP Mississauga Deepak Anand, MPP Brampton Graham McGregor, MPP Nina Tangri, and many other dignitaries attended the programme.

# DAINIK JAGRAN (AMBALA) 20-09-2022

# कनाडा में प्रवासी भारतीयों ने खींचा गीता रथ

## गीता और श्री कृष्ण के जयघोष से गूंजी कनाडा की धरती **करीब 15** देशों के लोग हुए शामिल

जगमहेंद्र सरोहा • कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत कनाडा के ओंटेरियो प्रदेश की राजधानी टोरंटो गीता और श्रीकृष्ण के उद्घोषों से गूंज उठी। स्थानीय भारतीयों में गीता और भारतीय सभ्यता और संस्कृति को लेकर उत्साह देखने को मिला। गीता को रथ पर सजाकर लोगों ने इसको अपने हाथों से खींचा। शोभायात्रा में चार झांकियों में भारतीय सभ्यता और सनातनी संस्कृति को दर्शाया गया। इसमें स्थानीय भारतीय ही नहीं करीब 15 देशों के लोग शामिल हुए।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन रविवार को टोरंटो शहर में गीता की शोभायात्रा निकाली गई। स्थानीय लोगों का स्थानीय समयानुसार प्रातः 11 बजे टोरंटो के योंग डुंडास स्कवेयर (चौक) पर पहुंचना शुरू हो गया। गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने चौक पर हवन किया। इसमें हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल, हरियाणा मूल के नाथ अमेरिका के ब्रांड एंबेसडर गौरव अग्रवाल, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा सहित अन्य प्रमुख लोगों ने आहुति डाली। गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज गीता को सिर पर रखकर पालकी तक पहुंचे। स्थानीय लोगों ने सम्मान के साथ गीता को पालकी पर सजाया और गीता और श्रीकृष्ण के जयकारे के साथ पालकी को हाथों से खींचकर शोभायात्रा शुरू की।

गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरती पर अर्जुन को निमित कर सबके कल्याण के लिए गीता का उपदेश दिया था। गीता के उपदेश भारत की सीमाओं तक बंधकर नहीं रहे हैं। इनका प्रकाश विदेशों तक पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के माध्यम लोगों में उत्साह देखने को मिलता है। इंग्लैंड और मारीशस के बाद कनाडा में सफल आयोजन लोगों के उत्साह को दर्शाता है। इस मौके पर उपेंद्र सिंघल, यूके के प्रसिद्ध वैज्ञानिक हरजीत सिंह, हिंदू टैंपल ट्रस्ट के चेयरमैन अरुण ठाकुर, मनीत कपूर, जितेश सिंगला, इंदू सेठ, आस्ट्रेलिया से सेवा सिंह, विजय, अजय ढुल व मनीष ग्रोवर, कनाडा से आचार्य ऋषि, अशोक गुप्ता, सुदेश अग्रवाल, गुलाब सैनी, सतीश ठक्कर, संदीप गुप्ता, पूजा गुप्ता, सुमित, सौम्या, विजय पंडया और अनिल मौजूद रहे।



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत टोरंटो शहर में निकाली गई शोभायात्रा में गीता का रथ खींचते स्थानीय भारतीय। • सौजन्य : केडीबी

### सनातन संस्कृति व यज्ञ परंपरा को दर्शाती झांकियां निकालीं

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने बताया कि टोरंटो कनाडा की बिजनेस कैपिटल भी मानी जाती है। इस शहर के योंग डुंडास स्कवेयर (चौक) से गीता शोभायात्रा शुरू हुई। यह यंग स्ट्रीट और क्वीनस स्ट्रीट, सिटी सेंटर से होते हुए करीब ढाई किलोमीटर का सफर तय कर वापस डुंडास चौक पर पहुंची। शोभायात्रा में गीता की पालकी के अलावा भारतीय जीवन पद्धति, सनातन संस्कृति व यज्ञ परंपरा को दर्शाती चार झांकी शामिल की गई। इनमें राजस्थान और गुजरात की संस्कृति को भी दर्शाया गया। ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा को चार चांद लग रहे थे। महिलाओं में भी इतना उत्साह रहा कि वे ढोल बजाने के लिए आगे आ गई।

हरियाणा की अन्य खबरें पढ़ने के लिए देखें www.jagran.com

# DAINIK BHASKAR (CHANDIGARH) 20-09-2022

भास्कर खास • 100 से ज्यादा हिंदू संस्थाओं के सहयोग से 3 दिवसीय गीता महोत्सव के आखिरी दिन भव्य कार्यक्रम

## हवन-शोभायात्रा से गीतामयी हुआ टोरंटो, अब कनाडा की स्थानीय संस्थाएं हर साल खुद ही मनाएंगी गीता महोत्सव



# AMAR UJALA (CHANDIGARH) 20-09-2022

## गीता महोत्सव के आखिरी दिन टोरंटो में किया यज्ञ

**चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र।** तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आखिरी दिन कनाडा के टोरंटो में गीता यज्ञ का आयोजन किया गया। शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई। यज्ञ और शोभायात्रा में कनाडा के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, केडीबी के सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केबीडी के सीईओ चंद्रकांत कटारिया, केडीबी सदस्य उपेंद्र सिंघल सहित हजारों श्रद्धालु यज्ञ और शोभायात्रा में शामिल हुए। अमित अग्रवाल ने कहा कि गीता के ज्ञान को पूरी दुनिया में फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष भारत से बाहर विदेशों में गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ब्यूरो/संवाद

## कल्याण सेवाएं आमजन तक तेजी से लाएं : सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार 2022 को सुशासन अंत्योदय उत्थान वर्ष के रूप में मना रही है। इसके तहत गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। मात्र 9 माह में प्रदेश में इसके सकारात्मक परिणाम सामने हैं। अब तक 32,743 हजार से अधिक लोगों के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से अधिकतर स्वरोजगार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रदेशभर में तीन चरणों में 7 सितंबर तक 861 अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन किया गया। मेले के लिए चिन्हित एवं आमंत्रित किए गए 3,35,344 लाभार्थियों में से 1,36,130 उपस्थित हुए और विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं, कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार सृजन योजनाओं के तहत 76,454 लाभार्थियों के आवेदन सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत किए गए। ब्यूरो

## HARI BHOOMI ( ROHTAK) 20-09-2022

# टोरंटो में गीता यज्ञ का आयोजन

**चंडीगढ़।** तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आखिरी दिन सोमवार को कनाडा के टोरंटो में गीता यज्ञ का आयोजन किया गया जिसके पश्चात शहर में एक शोभायात्रा भी निकाली गई। यज्ञ और शोभायात्रा में कनाडा में रह रहे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, केडीबी के सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केबीडी के सीईओ चंद्रकांत कटारिया सहित हजारों श्रद्धालु यज्ञ और शोभायात्रा में शामिल हुए।



## हजारों श्रद्धालु शामिल हुए

गौरतलब है कि गीता के ज्ञान को पूरी दुनिया में फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष भारत से बाहर विदेशों में गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले मॉरिशस और इंग्लैंड में भी गीता महोत्सव आयोजित किए जा चुके हैं। इस वर्ष गीता महोत्सव का आयोजन कनाडा के विभिन्न शहरों में किया गया जिसमें वहां के मंत्री, सांसद, राजदूत, मेयर सहित वरिष्ठ नेताओं एवं अधिकारियों ने भी समारोहों में शिरकत की।

# PUNJAB KESARI
# ( AMBALA) 20-09-2022

## टोरंटो के बाजारों में निकली गीता महोत्सव शोभायात्रा को देखकर रोमांचित हुए कनाडा वासी

**■ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन टोरंटो में डाऊनटाऊन में एकत्रित हुए भारतीय**



*टोरंटो में निकाली गई शोभा यात्रा में झूमते श्रद्धालु।*

टोरंटो 19 सितम्बर (स.ह.) : टोरंटो के सबसे व्यस्ततम मार्केट डाउनटाउन एरिया यंग दुंदास स्क्वायर के खुले प्रांगण में 4 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कनाडा के टोरंटो में सुबह 11 बजे विशाल गीता यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें जिओ गीता के बैनर तले स्वामी ज्ञानानंद , स्वामी ज्ञानानंद महाराज, स्वामी संपूर्णानंद, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, पंजाब केसरी के प्रतिनिधि विनोद शर्मा, कनाडा भाजपा प्रमुख विपिन शर्मा, केडीबी के सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केबीडी के सीईओ चंद्रकांत कटारिया, केडीबी सदस्य उपेंद्र सिंघल टोरंटो निवासी सुरेश अग्रवाल, सत्यम ढींगरा, हेमंत पवार, सतीश ठक्कर, संदीप, सुभाष भनोट सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली।

तत्पश्चात मौजूद इंडियन समुदाय को स्वामी ज्ञानानंद , सुभाष बराला डॉक्टर कमल गुप्ता के अलावा कनाडा के भारतीय नेताओं ने संबोधित किया। मंच का संचालन आचार्य ऋषि राम एवं सोमिया मिश्रा कर रहे थे। उसके बाद टोरंटो के प्रमुख डाउनटाउन क्षेत्र से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें रथ पर सवार स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज एवं स्वामी संपूर्णानंद को रथ पर बिठाया गया और एक अन्य रथ पर गीता ग्रंथ को सुशोभित किया गया।

इसके अलावा भगवान श्री कृष्ण बने बच्चों की झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में टोरंटो में महाराष्ट्र से गंधर्व बैंड की धुनों पर इंडियन श्रद्धालुओं ने खूब भंगड़ा डाला। खास बात यह रही कि इस शोभायात्रा को देखने के लिए कनाडा वासी सड़कों के दोनों तरफ खड़े होकर रोमांचित हो रहे थे क्योंकि इससे पहले क्रिसमस पर्व को छोड़कर टोरंटो में इतनी बड़ी शोभायात्रा कभी नहीं निकाली गई। गौरतलब है कि गीता के ज्ञान को पूरी दुनिया में फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष भारत से बाहर विदेशों में गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले मॉरिशस और इंग्लैंड में भी जीता महोत्सव आयोजित किए जा चुके है। इस वर्ष गीता महोत्सव का आयोजन कनाडा के विभिन्न शहरों में किया गया जिसमें वहां के मंत्री, सांसद, राजदूत, मेयर सहित वरिष्ठ नेताओं एवं अधिकारियों ने भी समारोहों में शिरकत की।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, सोनीपत**
**डी.डी. नं. 23 दिनांक 15.09.22 धारा 174 द.प्र.स.**
**थाना सिविल लाइन, जिला सोनीपत**

**मृतक की पहचान**



नाम : नामालूम
पिता का नाम : नामालूम
उम्र : लगभग 30 वर्ष
कद : 5 फुट 4 इंच
हुलिया : रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, दुबला-पतला शरीर, दाहिने पांव पर पुरानी चोट लगी हुई।
पहनावा : गले में सफेद व नीले रंग की शर्ट व कमर में काले रंग का अंडरवियर पहन रखा है।
दिनांक 15.09.22 को एक नाम-पता नामालूम पुरुष की नाश सब्जी मंडी रोड ठेका शराब अंग्रेजी व देसी सोनीपत के सामने लावारिस अवस्था में मिली है। अगर किसी थाने के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर

# DAINIK SAVERA (AMBALA) 20-09-2022

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कनाडा के टोरंटो में गीता यज्ञ का आयोजन








- निकली गई शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया

# THE PIONEER (CHANDIGARH) 20-09-2022

## Int'l Gita Mahotsav: Gita Yagya organised in Toronto, Canada

**Chandigarh:** A Gita Yagya along with Sobha Yatra marked the final day of celebrations of the ongoing three-day International Gita Mahotsav in Toronto, Canada. Devotees living in Canada participated in the Yagya and Sobha Yatra which was taken out in the city. Swami Gyananand, Haryana Cabinet Minister, Kamal Gupta, Chairman, Haryana Public Enterprises Bureau, Subhash Barala, Additional Principal Secretary to Chief Minister, Dr Amit Agrawal, Secretary, KDB, Madan Mohan Chhabra, CEO, KBD, Chandrakant Kataria, member, KDB, Upendra Singhal and devotees participated in the Yagya and the Sobha Yatra. Aimed at spreading the knowledge and eternal message of Gita across the world, every year Gita Mahotsav is organized on foreign soil. Earlier also the Mahotsav had been successfully organized in Mauritius and England. This year Gita Mahotsav was organized in different cities of Canada in which senior leaders and officials including ministers, parliamentarians, ambassadors, and mayors also participated in the celebrations.